संख्या-939/2017/2700/22-2-2017-17(153)/2009

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 22 दिसम्बर, 2017***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पवन पुत्र श्री बाबूराम निवासी जनपद-सहारनपुर हाल जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड) की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-36055/प्रोबेशन-3 (एम-22.06.2017) दिनांक 04.10.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पवन पुत्र श्री बाबूराम, जो ग्राम-खेडी कला, थाना-लक्सर, जनपद-सहारनपुर हाल जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड) का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 28/29.12.1978 की मध्य रात्रि में 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बेद प्रकाश के घर में डकैती डालने के दौरान बेद प्रकाश की गोली मारकर हत्या कर दी तथा गस्ती पुलिस से बचने के लिये पुलिस पर भी फायरिंग की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-150/1979 में भा0द0वि0 की धारा-396 के अन्तर्गत मा0 तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, सहारनपुर के आदेश दिनांक 02.05.1980 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 27.04.1995 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 17.06.2017 तक 24 वर्ष 04 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 32 वर्ष 00 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण संतोषजनक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी ने दिनांक 28/29.12.1978 की मध्य रात्रि में 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर डकैती डालने के दौरान बेद प्रकाश की गोली मारकर हत्या करने जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार द्वारा अपनी आख्या में की गयी है। इस प्रकार

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता, जनपदीय अधिकारियों द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी पवन पुत्र श्री बाबूराम को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी पवन (बन्दी संख्या-3187) पुत्र श्री बाबूराम निवासी जनपद-सहारनपुर हाल जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड) के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-939/2017/2700(1)/22-2-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश सख्ंया-939/2017/2700/22-2-2017-17(153)/2017

दिनांक 22 दिसम्बर, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पवन पुत्र श्री बाबूराम, जो ग्राम-खेडी कला, थाना-लक्सर, जनपद-सहारनपुर हाल जिला-हरिद्वार (उत्तराखण्ड) का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 28/29.12.1978 की मध्य रात्रि में 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बेद प्रकाश के घर में डकैती डालने के दौरान बेद प्रकाश की गोली मारकर हत्या कर दी तथा गस्ती पुलिस से बचने के लिये पुलिस पर भी फायरिंग की। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-150/1979 में भा0द0वि0 की धारा-396 के अन्तर्गत मा0 तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश, सहारनपुर के आदेश दिनांक 02.05.1980 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 27.04.1995 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 17.06.2017 तक 24 वर्ष 04 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 32 वर्ष 00 माह 03 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण संतोषजनक है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी ने दिनांक 28/29.12.1978 की मध्य रात्रि में 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर डकैती डालने के दौरान बेद प्रकाश की गोली मारकर हत्या करने जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी का अपराध समाज को प्रभावित करने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार द्वारा अपनी आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता, जनपदीय अधिकारियों द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी पवन पुत्र श्री बाबूराम को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in